संख्या:335/2022/1172/35-4-2022/001-35-4099/416/2021

प्रेषक,

जयवीर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मेरठ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 21 सितम्बर,2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद- मेरठ में शासनादेश संख्या-547/2021/2525/35-4-2021, दिनांक 20 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 11 कार्यों की रू0 293.18 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 148.41 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, मेरठ द्वारा पत्रांक: 466/त्व0आ0वि0यो0/2021-22, दिनांक 09 सितम्बर, 2022 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 11 कार्यों में से 08 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त की गई धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू. 144.77 लाख (रूपये एक करोड़ चौवालिस लाख सतहत्तर हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व मे अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम खेडा वि0ख0 सरधना में अधिकारी पट्टी में पाली वाले सेक्टर से तालाब से होता हुआ ऋषि के घर तक सी0सी0 कार्य।	40.34	15.00	25.34
2	ग्राम अक्खे पुर वि0ख0 सरधना में मुख्य मार्ग से आबादी तक एवं माढी से लेकर नैपाल डिप्टी के घर तक सी0सी0 कार्य।	23.21	15.00	08.21
3	ग्राम दौलतपुर वि0ख0 सरधना में मुख्य मार्ग पर मोनू पुत्र राधे के घर के सामने से होते हुए सुरेन्द्र मुढाडो के मकान तक सी0 सी0 कार्य।	61.33	15.00	46.33
4	ग्राम सलावा वि0ख0 सरधना में वाल्मीकी बस्ती में तालाब के ऊपर राजपाल के मकान से निर्देश के मकान तक सी.सी. कार्य।	28.03	15.00	13.03
5	ग्राम कुशावली वि0ख0 सरधना में सोनू प्रजापति के मकान से रजवाहे की ओर जाने वाले रास्ते पर बलबीर के मकान तक एवं श्रीपाल मा0 के घर से सैनियों वाले मोड तक इं0 ला0 कार्य तथा सोनू पुत्र महेन्द्र के घेर से विनोद छिद्दा के घर तक सी0सी0 कार्य।	41.95	15.00	26.95
6	ग्राम मोहनीपुर वि0ख0 सरधना में मुख्य तालाब पर मेन सड़क की दिशा में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य।	18.38	15.00	03.38
7	ग्राम खाता वि0ख0 मवाना में सुभाष कश्यप के घर से तालाब तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य।	27.22	15.00	12.22
8	ग्राम मढियाई वि0ख0 सरधना में शकील पुत्र खलील के प्लाट से नहर तक सी0सी0 कार्य।	24.31	15.00	09.31
	योग	**264.77**	**120.00**	**144.77**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 01 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चिमत किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 1,44,77,000 लाख (रूपये एक करोड़ चौवालिस लाख सतहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(जयवीर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या:335/2022/1172(1)/35-4-2022/001-35-4099/416/2021, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, मेरठ मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मेरठ।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मेरठ।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मेरठ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in